तापमान

भोपाल	23.0°	28.0°
इंदौर	23.0°	27.0°
जबलपुर	23.0°	28.0°
ग्वालियर	25.0°	30.0°
सागर	23.0°	28.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 249, पृष्ठ 12)
श्रावण, कृष्ण अष्टमी संवत् 2083
शुक्रवार, 7 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से की ...

व्यापार... हवाई ईंधन में एथेनॉल मिलाने की कोई योजना नहीं ...

खेल... तन्वी शर्मा कोरिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में...

देश-विदेश... बदलाव : अयोध्या स्थित श्रीराम दरबार ...

संघ प्रमुख बोले, युवाओं की आवाज सुननी होगी, आंदोलन लोकतंत्र में संवाद का माध्यम

जेन-जी अधिक ईमानदार और देशभक्त निरंतर संवाद जरूरी : मोहन भागवत

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि जेन-जी और जेन-अल्फा पीढ़ी उनकी पीढ़ी की तुलना में अधिक ईमानदार और देशभक्त है। उन्होंने कहा कि युवाओं की बात सुनना और उन्हें समझना समय की आवश्यकता है। संवाद की कमी ही कई बार आंदोलन जैसी परिस्थितियों को जन्म देती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन भी संवाद का एक माध्यम है और यदि समय रहते बातचीत हो जाए तो टकराव की नौबत नहीं आती। मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इंडिया इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस (आईआईएमयूएन) की 15वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में लगभग दो हजार विद्यार्थियों से संवाद करते हुए भागवत ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, महिलाओं की भागीदारी, पड़ोसी देशों से संबंध और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी हर विषय पर सवाल पूछती है और उसे तार्किक उत्तर चाहिए। इसलिए केवल आदेश देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि स्नेह और विश्वास के साथ संवाद स्थापित करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि जेन-जी किसी मुद्दे पर आवाज उठा रही है तो उसके पीछे कोई वास्तविक समस्या अवश्य होगी। ऐसे आंदोलनों को देशविरोधी मानना उचित नहीं है। उनके अनुसार आंदोलन किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार के उद्देश्य से होने चाहिए।



शिक्षा को व्यावसायिक नहीं बनाया जाए

शिक्षा के विषय पर भागवत ने कहा कि शिक्षा को व्यावसायिक कारोबार नहीं बनाया जाना चाहिए। यह सभी के लिए सुलभ हो और आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने शिक्षा बजट बढ़ाने का समर्थन करते हुए कहा कि शिक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है। समाज के सहयोग से भी विद्यालयों की स्थिति में सुधार लाया जा सकता है।

युवा वर्ग को उद्यमिता की ओर बढ़ना चाहिए

उन्होंने कहा कि रोजगार का अर्थ केवल सरकारी या निजी नौकरी नहीं है। युवाओं को उद्यमिता की ओर भी बढ़ना चाहिए और किसी भी कार्य को छोटा या बड़ा नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में श्रम के प्रति सम्मान बढ़ेगा तो रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे।

आरक्षण पर राजनीति नहीं होनी चाहिए

आरक्षण के प्रश्न पर भागवत ने कहा कि इस विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और समाज में समरसता बनाए रखने की आवश्यकता है। महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि उन्हें समाज और नेतृत्व के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर और बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए।

पड़ोसी देशों के साथ बातचीत रास्ता अपराएं

पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर उन्होंने कहा कि संघर्ष की स्थिति में देश और सरकार के साथ खड़ा होना आवश्यक है, लेकिन संघर्ष समाप्त होने के बाद बातचीत का रास्ता भी तलाशना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थायी समाधान संवाद से ही संभव है।

फर्जी सामग्री की पहचान के लिए हो सत्यापन

भागवत ने कहा कि फर्जी सामग्री की पहचान के लिए सत्यापन आवश्यक है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को डिजिटल माध्यमों का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान 'फिंगर क्लैप' शैली भी अपनाई।

दिल्ली-एनसीआर में बारिश वर्कफ्राम होम की सलाह

- जलभराव और ट्रैफिक जाम से बढ़ी परेशानी, बद्रीनाथ हाईवे बंद, केदारनाथ में वाहन फंसे

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में लगातार हो रही मानसूनी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली और गुरुग्राम में गुरुवार को हुई तेज बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया, जिससे प्रमुख सड़कों पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। दिल्ली-जयपुर हाईवे, धौला कुआं, कालिंदी कुंज, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ग्रीन पार्क और एम्स के आसपास यातायात धीमी गति से चलता रहा। गुरुग्राम पुलिस ने निजी कंपनियों से कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा देने की अपील की है। उत्तराखंड में लगातार बारिश के चलते हालात गंभीर बने हुए हैं।

ऋषिकेश में गंगा नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है, जिसके चलते लोगों को घाटों से दूर रहने की सलाह दी गई है। चमोली जिले में हेलंग के पास पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरने के कारण बद्रीनाथ नेशनल हाईवे बंद हो गया है। वहीं रुद्रप्रयाग के तिलवाड़ा क्षेत्र में मलबा और पानी केदारनाथ हाईवे पर आने से कई वाहन कीचड़ और चट्टानों के बीच फंस गए।

कई स्थानों पर स्कूलें बंद

मौसम की स्थिति को देखते हुए देहरादून, चमोली, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और पौड़ी गढ़वाल जिलों में आंगनवाड़ी केंद्रों के साथ कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी बारिश और नदियों के बढ़ते जलस्तर का असर दिखाई दे रहा है। फर्रुखाबाद के 33 गांवों और 40 सरकारी विद्यालयों में गंगा का पानी पहुंच गया है। बलिया में सरयू नदी के कटाव से एक सप्ताह के भीतर 27 मकान नदी में समा चुके हैं। वहीं प्रतापगढ़ में लगातार वर्षा के कारण लगभग 100 वर्ष पुराना एक मकान ढह गया, जिसमें एक ही परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गई। प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

खास-खबरें

ट्रम्प के हेलिकॉप्टर के पास सुरक्षा चूक

वॉशिंगटन, एजेंसीः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आधिकारिक हेलिकॉप्टर मरीन वन की उड़ान के दौरान सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। व्हाइट हाउस से जॉइंट बेस एंड्रूज जाते समय मरीन वन और एनवॉय एयर का एक कमर्शियल विमान तय सुरक्षा दूरी से अधिक करीब आ गए। घटना के बाद फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, दोनों विमान एक समय पर लगभग 1.3 किलोमीटर की दूरी पर थे और उनकी ऊंचाई में करीब 700 फीट का अंतर था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दोनों विमान टक्कर की दिशा में नहीं थे और राष्ट्रपति की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं हुआ।

सीजेपी का 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान चलेगा

नईदुनिया ब्यूरो, छत्रपति संभाजीनगरः कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सितंबर से देशभर में 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत गांवों और शहरों में जाकर युवाओं से संवाद किया जाएगा। पार्टी बेरोजगारी और महंगी शिक्षा को प्रमुख मुद्दा बनाएगी तथा शिक्षा सुधारों पर भी जोर देगी। दीपके ने कहा कि शिक्षा को मुनाफे का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। इससे पहले पार्टी ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर जंतर-मंतर पर 20 जून से 25 जुलाई तक 36 दिनों तक धरना दिया था।

विमान का इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश, गिरफ्तार

नईदुनिया ब्यूरो,कोच्चिः कुआलालंपुर से कोच्चि आ रही बाटिक एयर की फ्लाइट ओडी-231 में इमरजेंसी एग्जिट खोलने की कथित कोशिश करने वाले एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान जमशीर अथानिक्कल के रूप में हुई है। उस पर उड़ान के दौरान यात्रियों और केबिन क्रू को धमकाने का भी आरोप है। घटना बुधवार रात करीब 9.30 बजे हुई, जिसमें इमरजेंसी एग्जिट की खिड़की के पैनल को नुकसान पहुंचा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

आज से शुरू होगा जन-विश्वास अभियान

जनता के बीच पहुँचेगा प्रशासन

- मुख्यमंत्री, मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि जिलों का दौरा करेंगे

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेशभर में 7 अगस्त से जन-विश्वास अभियान शुरू होगा। अभियान का उद्देश्य शासन-प्रशासन को सीधे जनता से जोड़ना, शिकायतों और समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा प्रशासन को अधिक पारदर्शी और संवेदनशील बनाना है। इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार मंत्रालय से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी कार्यालयों के बजाय फील्ड में रहकर लोगों से संवाद करेंगे और लंबित मामलों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। अभियान के दौरान अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर शुक्रवार को किसी भी स्तर पर बैठकें नहीं होंगी। मुख्यमंत्री, मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी विभिन्न जिलों का दौरा कर जनसंवाद और उद्योग संवाद कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कलेक्टर पहले से भ्रमण क्षेत्र तय करेंगे तथा सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, लोक सेवा गारंटी और राजस्व से जुड़े लंबित मामलों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। अभियान में किसानों की फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी, स्कूल-कॉलेज, खाद-बीज की उपलब्धता और सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता की भी समीक्षा की जाएगी। विभिन्न शासकीय संस्थानों, राशन दुकानों, पुलिस थानों, औद्योगिक क्षेत्रों और अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी के चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगा। इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का मौके पर निराकरण कर लोगों का शासन-प्रशासन पर विश्वास मजबूत करना व योजनाओं के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

अग्नि-4 बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

भुवनेश्वरः भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का गुरुवार को सफल परीक्षण किया। मिसाइल का प्रक्षेपण ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। परीक्षण स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड की देखरेख में संपन्न हुआ। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने निर्धारित उड़ान मार्ग का सफलतापूर्वक पालन किया और सभी परिचालन तथा तकनीकी मानकों को पूरा किया। अधिकारियों के अनुसार इस सफल प्रक्षेपण से मिसाइल की विश्वसनीयता और परिचालन क्षमता की पुष्टि हुई है। अग्नि-4 भारत की मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों में शामिल है और इसे रणनीतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है।

नवकरणीय ऊर्जा में अग्रणी बन रहा है मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री

- अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हरित ऊर्जा मॉडल प्रस्तुत
- 2030 के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान का भरोसा

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में आयोजित सातवें अंतरराष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2030 तक देश के 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण और हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा देश के अग्रणी हरित ऊर्जा केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

सम्मेलन में मध्यप्रदेश ने स्वच्छ और नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों तथा भावी कार्ययोजना का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 438 मेगावॉट से बढ़कर 11,000 मेगावॉट हो गई है। उन्होंने कहा कि रीवा अल्ट्रा मेगा सौर परियोजना और आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना ने देश में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के नए मानक स्थापित किए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में ऊर्जा सुरक्षा और ग्रिड स्थिरता को मजबूत करने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मुरैना में 440 मेगावाट सौर ऊर्जा एवं 880 मेगावाट-घंटा बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना पर कार्य जारी है। रूफटॉप सोलर योजना के तहत शासकीय भवनों और प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में घरों में सौर संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। सम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट से दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन से यात्रा कर स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि निवेश-अनुकूल नीतियों, मजबूत आधारभूत संरचना और प्राकृतिक संसाधनों के कारण मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा निवेश का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है।

तरुण तेजपाल को दुष्कर्म मामले में 10 वर्ष की सजा

- बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा, दो सप्ताह में सरेंडर के निर्देश



नईदुनिया ब्यूरो, पणजीः बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा पीठ ने पत्रकार और पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को वर्ष 2013 के दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उन्हें दो सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का निर्देश दिया है। यह मामला नवंबर 2013 का है, जब एक महिला पत्रकार ने आरोप लगाया था कि गोवा में आयोजित थिंक फेस्ट के दौरान होटल की लिफ्ट में तरुण तेजपाल ने दो बार उनका यौन उत्पीड़न किया। वर्ष 2021 में गोवा की ट्रायल कोर्ट ने पर्याप्त साक्ष्यों के अभाव का हवाला देते हुए तेजपाल को बरी कर दिया था। इसके बाद गोवा सरकार ने इस फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

जेल में बंद भाई से मिलने जाते समय कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत

सड़क हादसे में अतीक के बेटे अबान की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, झांसीः माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे अबान अहमद (21) की गुरुवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह प्रयागराज से झांसी जेल में बंद अपने बड़े भाई अली से मिलने जा रहा था। उसके साथ क्रेटा कार में चार अन्य युवक भी सवार थे। पुलिस के अनुसार, पूंछ थाना क्षेत्र में झांसी से लगभग 70 किलोमीटर पहले सुबह करीब 10.30 बजे तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार सभी लोग अंदर फंस गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला।दुर्घटना में आगे की सीट पर बैठे अबान अहमद और उसके पीछे बैठे सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उमर अहमद, मोहम्मद जैद और एहजाम घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। प्रारंभिक जांच में हादसे के अलग-अलग कारण सामने आए हैं।

राजपाल यादव के पैतृक घर पर कुर्की का नोटिस

नईदुनिया ब्यूरो, शाहजहांपुरः बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव के शाहजहांपुर स्थित पैतृक घर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 16.61 करोड़ रुपये के बकाया लोन को लेकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया है। बैंक ने 34 दिन के भीतर बकाया राशि जमा नहीं होने पर 9 सितंबर को संपत्ति की नीलामी की चेतावनी दी है। यह लोन मुंबई शाखा से राजपाल यादव की पत्नी राधा यादव और मां गोदावरी के नाम पर लिया गया था।

इंस्टाग्राम अकाउंट को बंद कियाः केजरीवाल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मेटा से कई बार संपर्क करने के बावजूद उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। केजरीवाल ने अपने अकाउंट स्टेटस का स्क्रीनशॉट भी साझा किया, जिसमें 'अनअवेलेबल इन सम लोकेशन्स' का संदेश दिखाई दे रहा है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि सरकार मेटा पर दबाव बना रही है, ताकि एथेनॉल और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर आवाज उठाने वाले लोगों के अकाउंट प्रतिबंधित किए जाएं। मेटा से निष्पक्षता बरतने और स्पष्ट जानकारी देने की मांग की।

उन्होंने यह भी कहा कि कई अन्य लोगों ने भी उनके पास संदेश भेजकर अपने अकाउंट पर इसी तरह की पाबंदी की जानकारी दी है। उन्होंने प्रभावित लोगों से संपर्क करने की अपील की।

शोध *उत्तर केरल और पश्चिमी घाट क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही अतिवृष्टि की घटनाएं, बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ने के संकेत*

केरल में बढ़ रही अतिवृष्टि, 124 वर्षों के अध्ययन ने जताई चिंता

नईदुनिया ब्यूरो, कोच्चिः केरल में अतिवृष्टि की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। 124 वर्षों के वर्षा आंकड़ों पर आधारित एक नए अध्ययन में यह संकेत मिला है कि राज्य के कई हिस्सों, विशेषकर उत्तर केरल और पश्चिमी घाट क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा की घटनाएं पहले की तुलना में अधिक बार और अधिक तीव्रता के साथ दर्ज की जा रही हैं। इससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं का खतरा भी बढ़ रहा है।

अध्ययन में वर्ष 1901 से 2024 तक के भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के दैनिक वर्षा आंकड़ों का विश्लेषण किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि सामान्य वार्षिक वर्षा में कई क्षेत्रों में गिरावट का रुझान दिखाई देता है, लेकिन कम समय में अत्यधिक वर्षा होने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। यही बदलाव प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम को बढ़ा रहा है। शोध के अनुसार, 24 घंटे में 20.4 सेंटीमीटर या उससे अधिक वर्षा वाली घटनाओं में विशेष रूप से उत्तर केरल और पश्चिमी घाट क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

इन क्षेत्रों की भौगोलिक संरचना और पर्वतीय ढलानों के कारण अत्यधिक वर्षा के दौरान भूस्खलन और अचानक बाढ़ की आशंका अधिक रहती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसूनी वर्षा का स्वरूप बदल रहा है। लंबे समय तक सामान्य वर्षा होने के बजाय कम अवधि में अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे जल निकासी व्यवस्था पर दबाव बढ़ता है और नदियों तथा जलाशयों में अचानक जलस्तर बढ़ने लगता है।

शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि अतिवृष्टि की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए मौसम पूर्वानुमान प्रणाली, आपदा प्रबंधन और प्रारंभिक चेतावनी तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उनका मानना है कि संवेदनशील क्षेत्रों की समय रहते पहचान और वैज्ञानिक योजना से बाढ़ तथा भूस्खलन से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।